डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhunikasamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



**आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया**

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक    संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा



वर्ष-11 अंक-38 | प्रयागराज, रविवार 18 सितम्बर 2022 से शनिवार 24 सितम्बर 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः बॉलीवुड के इन सितारों के साथ पीएम मोदी ली सेल्फी...8)

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवाद के खिलाफ भारत का साथ देगा एससीओ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शीर्ष नेताओं की शुक्रवार को ऐतिहासिक शहर समरकंद में चली बैठक के बाद जारी घोषणापत्र को देख कर लगता है कि इसमें हर सदस्य देश की प्रमुख मांगों को जगह देने की कोशिश की गई है। आतंकवाद के मुद्दे पर एससीओ भारत के साथ खड़ा दिखाई देता है तो कनेक्टिविटी परियोजनाओं के मामले में वह चीन



के साथ नजर आता है। घोषणापत्र में सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवादियों को मदद जैसे मुद्दों पर भारत की चिंताओं को तरजीह देते हुए इसके खिलाफ सहयोग को बढ़ाने का आह्वान किया गया है, लेकिन संगठन के नौ में से छह सदस्य देशों ने चीन की वन बेल्ट, वन रोड (ओबोर) का समर्थन किया है। भारत चीन की ओबोर परियोजना का विरोध करता है क्योंकि इसका एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर से गुजरता है। भारत इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताता है। किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, पाकिस्तान और रूस ने ओबोर का समर्थन करते हुए कहा है कि वे इसे यूरेशियन इकोनोमिक यूनियन के साथ जोड़ने में मदद करेंगे।यह पहली बार है कि एससीओ के घोषणापत्र में चीन की कनेक्टिविटी परियजोना को समर्थन देने की बात कही गई है। संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद को लेकर जो बातें कही गई हैं वह पाकिस्तान के लिए मुश्किलों वाली साबित हो सकती हैं। सभी सदस्य देशों ने कहा है कि वे युवाओं को आतंकवाद, अलगाववाद और अतिवाद की तरफ आकर्षित करने वाली ताकतों के खिलाफ साझी कोशिश करेंगे।

## दुनिया के दो ताकतवर नेताओं पीएम मोदी और पुतिन की द्विपक्षीय बैठक, रूसी राष्ट्रपति ने जन्मदिन की अग्रिम बधाई दी



**समरकंद।** पीएम मोदी ने आज शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन को हिन्दी में संबोधित किया। पीएम ने अपने संबोधन में सभी एससीओ देशों में बेहतर ट्रांसिट तालमेल का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत को बेहतर व्यापार क्षेत्र बनाने का संकल्प भी दोहराया।पीएम ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और जल्द ही देश को विनिर्माण केंद्र में बदला जाएगा। पीएम मोदी इस बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे, जिसपर सभी की निगाहें टिकी होंगी। पीएम इसी के साथ ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, उज्बेक राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से भी द्विपक्षीय वार्ता करेंगे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मैं यूक्रेन में संघर्ष पर आपकी स्थिति और आपकी चिंताओं के बारे में भी जानता हूं। हम चाहते हैं कि यह सब जल्द से जल्द खत्म हो। हम आपको वहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी देते रहेंगे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है और मैंने इस बारे में आपसे फोन पर बात की है। आज हमें बात करने का अवसर मिलेगा कि हम शांति के पथ पर कैसे आगे बढ़ सकते हैं। भारत-रूस कई दशकों से एक-दूसरे के साथ रहे हैं। पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में इश् मोदी ने कहा कि हम पिछले कई दशकों से हर पल एक दूसरे के साथ रहे हैं। लगातार दोनों देश इस क्षेत्र की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। आज एण्ध् समिट में भी आपने भारत के लिए जो भावनाएं व्यक्त की हैं उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में मोदी कि हमने भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों और विभिन्न मुद्दों पर भी कई बार फोन पर बात की। हमें खाद्य, ईंधन सुरक्षा और उर्वरकों की समस्याओं के समाधान के तरीके खोजने चाहिए। यूक्रेन से हमारे छात्रों को निकालने में हमारी मदद करने के लिए मैं रूस और यूक्रेन को धन्यवाद देना चाहता हूं। उज्बेकिस्तान के समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने द्विपक्षीय वार्ता की। समरकंद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान की सूची से बाहर हो जाएगा। हम आतंकवाद से निपटना चाहते हैं। यह हमारी प्राथमिकता एफएटीएफ के कारण नहीं बल्कि पाकिस्तान के लोगों के लिए और हमारे अपने संकल्प के लिए भी है। ज्ञात हो कि पाकिस्तान फिलहाल की ग्रे सूची में है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के पीएम और भारतीय पीएम ने इस मुद्दे पर एक-दूसरे के विरोधी हैं। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी लोग ट्रांजिट व्यापार चाहते हैं।

## राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी की योजनाओं को सराहा

### कहा- आत्मनिर्भर भारत मुहिम ने देश को सम्मानित देशों की कतार में खड़ा किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'आत्मनिर्भर भारत' मुहिम ने भारत को दुनिया के सबसे मजबूत और सम्मानित देशों की कतार में खड़ा कर दिया है। एक कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा, आत्मनिर्भर भारत का मतलब किसी तरह का अलगाव नहीं है। यह भारत का संकल्प है, जो पूरी दुनिया को उम्मीद और राहत देता है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि 'न्यू इंडिया' का सपना साकार करने के लिए केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। अब अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए हम किसी देश पर निर्भर नहीं हैं। खासकर सुरक्षा के मामले में। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रक्षा मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा, हमने 310 स्वदेशी वस्तुओं की सूची जारी की है, क्योंकि हम देश की विकास यात्रा में निजी क्षेत्र को भी भागीदार बनाना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को



पूर्व केंद्रीय मंत्री और दिवंगत अभिनेता कृष्णम राजू के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। राजू का हाल ही में निधन हो गया था। राजनाथ ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कृष्णम राजू की याद में आयोजित शोक सभा में बोलते हुए राजनाथ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कृष्णम राजू को बड़ा भाई बताते हुए उन्होंने कहा कि यह उनके लिए अकल्पनीय था कि राजू इतनी जल्दी इस दुनिया को छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि वह राजू के संपर्क में तब आए जब राजू 1998 में संसद सदस्य चुने गए। राजनाथ ने सिंह ने फिल्मों में राजू की उत्कृष्टता के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कृष्णम राजू को 2000 में संसद में गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक पेश करने के लिए भी स्मरण किया। कृष्णम राजू का 11 सितंबर को हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।

## पाक पर निशाना और मौजूदा माहौल पर चिंता जताने के साथ भारत की अहमियत बता पीएम मोदी ने खींची बड़ी लकीर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग और विश्वास बढ़ाने पर जोर दिया है। उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक समरकंद शहर में शुक्रवार को आयोजित एससीओ के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मौजूदा वैश्विक माहौल में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत बताई। उन्होंने सदस्य देशों के सामने स्टार्ट अप व नवाचार, पारंपरिक चिकित्सा और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में मदद देने का प्रस्ताव भी रखा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफ?िग जैसे



नेताओं की उपस्थिति में पीएम मोदी ने जोरदार तरीके से भारत की आर्थिक प्रगति की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि भारत एक मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने जा रहा है और इस वर्ष 7.5 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करेगा जो विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा होगा। यूक्रेन युद्ध और ताइवान विवाद पर बंटी दुनिया के मौजूदा परिवेश का असर भी एससीओ सम्मेलन में दिखा। रूस और चीन के राष्ट्रपतियों ने एससीओ को मजबूत बनाने का पूरा दम दिखाया, लेकिन अमेरिका की तरफ से मध्य एशिया को प्रभावित करने वाले कदमों को लेकर आगाह भी किया। पुतिन ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमारी नीति में स्वार्थ का कोई स्थान नहीं है।

## भाजपा के 'हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाए जाने पर भड़के ओवैसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हैदराबाद।** भाजपा द्वारा 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाए जाने को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का बड़ा बयान सामने आया है। असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को कहा कि 'मुक्ति' शब्द गलत है। हैदराबाद हमेशा भारत का एक 'अभिन्न' हिस्सा था और रहेगा। इसे एकता दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। इससे पहले भी एआईएमआईएम प्रमुख ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर को पत्र लिखकर हैदराबाद मुक्ति दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए शीर्षक बदलने की मांग की थी।



## अखिलेश यादव की राजनीति लगभग हो चुकी है समाप्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने डायलॉग के खास प्रोग्राम में स्मृति रस्तोगी से खास बातचीत की। इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने मौजूदा उत्तर प्रदेश की राजनीति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।



## अमेरिका ने की अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन समझौते की पुष्टि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन समझौते की पुष्टि की है। एएस (ईआर) प्रभात कुमार और जेएस (ईडी) नूर रहमान शेख के साथ बैठक के दौरान भारत में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी डी'अफेयर्स पेट्रीसिया लसीना द्वारा स्वीकृति का साधन सौंपा गया था। एएस (ईआर) पेट्रीसिया लसीना द्वारा स्वीकृति सौंपी गई थी। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की बढ़ती तैनाती के लिए एक क्रिया-उन्मुख, सदस्य-संचालित, सहयोगी मंच है। इसका मूल उद्देश्य अपने सदस्य देशों में ऊर्जा पहुंच को सुविधाजनक बनाना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देना है। सौर गठबंधन को पर्यवेक्षक का दर्जा दिया है। यह गठबंधन और संयुक्त राष्ट्र के बीच नियमित और अच्छी तरह से परिभाषित सहयोग प्रदान करने में मदद करेगा जिससे वैश्विक ऊर्जा विकास को लाभ होगा।आईएसए सदस्य देशों को कम कार्बन विकास प्रक्षेपवक्र विकसित करने में मदद करेगा, जिसमें कम विकसित देशों



प्रभात कुमार और जेएस (ईडी) नूर रहमान शेख के साथ बैठक के दौरान भारत में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी डी'अफेयर्स पेट्रीसिया लसीना द्वारा स्वीकृति सौंपी गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शनिवार को ट्वीट किया, यूएसए ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन समझौते की पुष्टि की है। एएस (ईआर) प्रभात कुमार और जेएस (ईडी) नूर रहमान शेख के साथ बैठक के दौरान भारत में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी डी'अफेयर्स ऊर्जा समाधानों की तैनाती के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रयासों को संगठित करने के लिए भारत और फ्रांस द्वारा संयुक्त प्रयास के रूप में आईएसए की कल्पना की गई थी। कुल 106 देशों ने आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 106 देशों में से 86 ने आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर और पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश आईएसए में शामिल होने के पात्र हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतर्राष्ट्रीय (एलडीसी) और छोटे द्वीप विकासशील राज्यों (एसआईडीएस) के रूप में वर्गीकृत देशों में प्रभाव देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।ध्एध्ध्उ वैश्विक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक ढांचे पर ध्यान केंद्रित करता है, जो परस्पर जुड़े अक्षय ऊर्जा संसाधनों (मुख्य रूप से सौर ऊर्जा) के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है जिसे मूल रूप से साझा किया जा सकता है।

## भारतीय वायुसेना की ताकत में होगा इजाफा, 3 अक्टूबर को जोधपुर में हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर बेड़े में होंगे शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' को जल्द ही बड़ा बूस्ट मिलने वाला है। देश की सुरक्षा में इजाफा करने के लिए भारतीय वायु सेना 3 अक्टूबर को जोधपुर में भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर को अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। वायु सेना में शामिल होने वाले ये नए एलसीएच की खरीद को मंजूरी दी थी। स्वीकृत 15 सीमित श्रृंखला के उत्पादन हेलीकाप्टरों में से 10 भारतीय वायुसेना के लिए और पांच सेना के लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार यह हथियारों और ईंधन को ले जाने का भी कार्य कर सकते हैं। सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लद्दाख और रेगिस्तानी क्षेत्र




हेलिकाप्टर न सिर्फ हवाई युद्ध में सक्षम हैं, बल्कि संघर्ष के दौरान धीमी गति से चलने वाले विमानों, ड्रोन और बख्तरबंद गाडियों को तबाह करने का भी मादा रखते हैं। बेड़े में शामिल करने के समारोह का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। राजनाथ ने स्वदेशी सुरक्षा उपकरणों को सेना में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनाथ सिंह उस कैबिनेट कमेटी में भी मौजूद थे, जिसने वायु सेना और सेना के लिए इनमें से 15 में इन हेलिकाप्टरों को तैनात किया गया है। बता दें कि भारतीय वायुसेना ने पिछले तीन-चार वर्षों में चिनूक, अपाचे अटैक हेलीकाप्टर और अब एलसीएच को शामिल करने के साथ कई हेलीकाप्टरों को अपने बेड़े में शामिल किया है।अब चिनूक हेलिकाप्टरों में महिला पायलटों को भी तैनात कर रहा है, जो उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर अपना जिम्मा संभालेंगे।

## भारतीय वायुसेना का पहला फाइव स्टार अधिकारी

### जिसे आजादी से पहले मिला विशिष्ट फ्लाइंग क्रॉस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आज मार्शल अर्जन सिंह की 5वीं पुण्य तिथि है, उनका जन्म 15 अप्रैल 1919 को लायलपुर (अब पाकिस्तान में फैसलाबाद) में हुआ था। सिर्फ 19 वर्ष की आयु में, उनका चयन आरएएफ कॉलेज, क्रैनवेल में ट्रेनिंग



के लिए हुआ था। जिसके बाद दिसंबर 1939 वो रॉयल इंडियन एयर फोर्स में पायलट के तौर पर कमीशन हुए। अर्जन सिंह को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, महान कौशल और साहस के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान विशिष्ट फ्लाइंग क्रॉस (डीएफसी) से सम्मानित किया गया था। 15 अगस्त 1947 को जब भारत आजाद हुआ, तब अर्जन सिंह को भारतीय वायुसेना के सौ से अधिक विमानों के फ्लाई-पास्ट का नेतृत्व करने का अनूठा सम्मान दिया गया। 44 वर्ष की आयु में अर्जन सिंह ने 01 अगस्त 1964 को एयर मार्शल की रैंक पर भारतीय वायुसेनाध्यक्ष का पद संभाला। विश्व में बहुत कम वायुसेनाध्यक्ष होंगे जिन्होंने 40 साल की उम्र में या पद संभाला होगा और 45 साल की उम्र में रिटायर हो गए हों। मार्शल अर्जन सिंह को रिटायरमेंट के बाद पहले स्विट्जरलैंड में भारत का राजदूत बनाया गया। जिसके बाद उन्हें कीनिया में भारत के उच्चायुक्त के तौर पर नियुक्त किया गया। वो अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य भी रहे और दिल्ली के उप राज्यपाल की जिम्मेदारी भी संभाली। भारत और पाकिस्तान के बीच साल 1965 की जंग के दौरान अर्जन सिंह को उनके नेतृत्व के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अर्जन सिंह भारतीय वायु सेना के पहले एयर चीफ मार्शल बने। जुलाई 1969 में सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने भारतीय वायुसेना की बेहतरी और कल्याण के लिए अत्यधिक योगदान देना जारी रखा। महज 20 साल की उम्र में रॉयल इंडियन एयर फोर्स को पायलट के तौर पर ज्वाइन किय द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान विशिष्ट फ्लाइंग क्रॉस (डीएफसी) से किए गए सम्मानित महज 40 साल की उम्र में संभाला वायुसेनाध्यक्ष का पद स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत के तौर पर भी निभाई जिम्मेदारी 1965 की जंग में कुशल नेतृत्व के लिए मिला पद्म विभूषण सम्मान भारतीय वायु सेना के पहले एयर चीफ मार्शल साल 2002 में वायु सेना के मार्शल के पद से किए गए सम्मानित 2002 में उन्हें वायु सेना के मार्शल के पद से सम्मानित किया सम्मान में वायु सेना स्टेशन पानागढ़ का नाम बदलकर वायु सेना स्टेशन अर्जन सिंह किया गयाअर्जन सिंह की देश के प्रति उनकी सेवाओं को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने जनवरी 2002 में उन्हें वायु सेना के मार्शल के पद से सम्मानित किया। वायुसेना में मार्शल का वही स्थान होता है जो थल सेना में फील्ड मार्शल का होता है। अर्जन सिंह भारतीय वायु सेना के पहले 'फाइव स्टार' रैंक के अधिकारी बने। भारतीय वायुसेना में उनके योगदान को याद करने के लिए, वायु सेना स्टेशन पानागढ़ का नाम बदलकर 2016 में वायु सेना स्टेशन अर्जन सिंह कर दिया गया। अर्जन सिंह के जीवन में दो चीजों का महत्व सबसे ऊपर था। पहला हवाई जहाज उसके बाद उनका सबसे बड़ा जुनून था गोल्फ। बताया जाता है कि वो अपने जीवन के आखिरी दिनों तक गोल्फ खेलते रहे। लेकिन जब एक उम्र पर आकर उनका शरीर कमजोर हो गया और वो चलने में असमर्थ होने लगे। तब भी वो दिल्ली गोल्फ क्लब में अपनी व्हील चेयर पर बैठ कर लोगों को गोल्फ खेलते हुए देखा करते थे।

# अनेकता में एकता का संदेश लेकर निकले जवान

( आधुनिक समाचार सेवा )

**प्रयागराज।** अनेकता में एकता को लेकर लोगों में जागरुकता फैलाने के मकसद से शिलांग से दिल्ली के लिए एक सितंबर को निकली बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की मोटरसाइकिल रैली मंगलवार को प्रयागराज से रवाना हुई। एसएसपी शैलेश पांडेय ने फाफामऊ सीआरपीएफ कैंप से हरी झंडी दिखाकर जवानों को रवाना किया। इस दौरान जवानों ने स्कूली बच्चों से संवाद किया और भिन्न-भिन्न संस्कृति, परंपरा और धर्म के बावजूद एकता को समेटे भारत की खूबियां गिनाई।






# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों ने लाइब्रेरी गेट पर तालाबंदी की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि (इाा प्व) को लेकर पिछले कई दिनों से जारी आंदोलन सोमवार को उग्र हो गया है। विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों (प्द्वोते) से सैकड़ों की संख्या में अंतेवासी लाइब्रेरी गेट पर पहुंच गए। वहां मौजूद गार्डों को भगाकर गेट पर कब्जा कर लिया और ताला बंद करते हुए उस पर अपने बैनर, पोस्टर टांग दिए। इसकी वजह से को मिला धार : आज सोमवार को आंदोलन और घेराव, प्रदर्शन का फैसला लिया गया था। तय कार्यक्रम के तहत सुबह 10:30 बजे छात्रों का जमावड़ा लाइब्रेरी गेट के आसपास होने लगा। इसके बाद एक-एक कर हास्टलों से भीड़ आ गई और लाइब्रेरी गेट पर पूरी तरह से छात्रों का कब्जा हो गया। छात्र गेट पर कब्जा कर के बैठे हुए हैं और पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर हालात को समझाने में जुटे हुए हैं।



गेट से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात को देखते हुए परिसर में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है फीस वृद्धि के विरोध में 15 दिनों से मुखर हैं छात्र : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर पिछले 15 दिनों से आंदोलन चल रहा है। छह दिन पहले संयुक्त छात्र संघर्ष समिति की ओर से आमरण अनशन शुरू कर दिया गया था। पांच छात्र आमरण अनशन पर बैठे थे। इनमें से दो छात्रों की तबीयत खराब होने के कारण अस्पताल ले जाना पड़ा था। हास्टलों के छात्रों की लाबी पहुंची तो आंदोलन अधिकारियों ने छात्रों को अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने और गेट पर आवाजाही बाधित न करने को कहा है। हालांकि छात्र पुलिस और प्रशासन की अपील को अनसुनी कर लाइब्रेरी गेट के पास धरने पर बैठे हुए हैं। आखिर विश्वविद्यालय प्रशासन ने क्यों साधी है चुप्पी : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि वापस लेने की मांग पर चुप्पी साध रखी है। इससे भड़के छात्रों ने पिछले 5 दिनों से सभी छात्रावासों में कैंपेनिंग फीस वृद्धि के विरोध में लामबंद होने की अपील की थी।

# महाकुंभ 2025 की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर आज प्रयागराज में महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस बैठक में शामिल हैं। बैठक शुरू हो चुकी है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य महाकुंभ की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इस बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं। माना जा रहा है कि महाकुंभ के दौरान दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्?त सुविधाओं को बढ़ाने पर भी निणर्य लिया जा सकता है। बड़ी परियोजनाओं को मिल सकती है मंजूरी : यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज सोमवार को अधिकारियों की प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मुख्यालय में बैठक ले रहे हैं। बैठक में कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी मिल सकती है तो कई प्रोजेक्ट के प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

# नगर-निगम में कल गूंजेगा बढ़े गृहकर, परिसीमन का मुद्दा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** नगर निगम कार्यकारिणी की बुधवार को बैठक में बढ़े गृहकर और परिसीमन को लेकर हंगामे की आशंका है। दोपहर 12 बजे से सदन कक्ष में प्रस्तावित बैठक नवरात्र और दुर्गापूजा की तैयारियों के सिलसिले में बुलाई गई है, लेकिन कार्यकारिणी सदस्य चालू वित्तीय वर्ष से एक लाख से अधिक मकानों के बढ़े गृहकर पर आक्रोशित हैं। सदस्यों ने बताया कि निकाय चुनाव के ठीक पहले नगर निगम ने भवनस्वामियों पर बोझ डाल दिया। कई पूर्व पार्षद मनमानी गृहकर बढ़ाने का आरोप लगाते हुए इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं। कार्यकारिणी की बैठक में बढ़े गृहकर की वसूली स्थगित करने की मांग उठेगी। इसी प्रकार वार्डों के परिसीमन में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे हैं।

# कोटेदार के बेटे ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण की,लोगों ने दी बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत हन्डौर के कोटेदार इंद्रमणि त्रिपाठी नीरज के बेटे हिमांशु त्रिपाठी में जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर लोगों ने हार्दिक बधाई दी हिमांशु त्रिपाठी ने हाई स्कूल की परीक्षा में 89.9झ् व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 89झ् अंकों के साथ सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।उन्होंने अपने मेधा बल से जेईई



एडवांस की परीक्षा में 6601 ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।उनकी सफलता पर ग्राम प्रधान नीतेश सिंह बीरू,गुलाब मिश्र,अभय प्रताप सिंह मुनन, डॉ0दिवाकर शुक्ल, कंदर्प नारायण तिवारी,श्रीराम मिश्र,इश्तिखार अहमद छोटे,मो0कमाल आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। हिमांशु ने अपने शिक्षा-दीक्षा में अपने बाबा बृजेंद्र नारायण त्रिपाठी को प्रमुख श्रेय दिया है।

# लायंस क्लब इलाहाबाद अनुपम द्वार रक्त दान शिविर का आयोजन



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** लायंस क्लब इलाहाबाद अनुपम द्वारा डॉ अनुपम जायसवाल की स्मृति में शकुंतला अस्पताल में बृहद रक्त दान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्षा डॉ उमा जायसवाल ने बताया कि आज के दिन भर्ती पेशेंट को भी विभिन्न प्रकार की छूट प्रदान की गई है ।सर्वप्रथम क्लब सचिव लायन सुशील श्रीवास्तव ने रक्त दान किया,लायन धनेंदृ,लायन अकि.विशाल खरे,पार्थ जायसवाल,डॉ.आयुष जायसवाल व अन्य लोगो ने रक्तदान किया। डॉ जया खरे ने बताया लगभग 50 से ज़्यादा लोगों ने रक्त दान किया साथ ही 400 लोगों ने स्वास्थ्य कैम्प में जांच करायीत् मौके पर एसोसिएट मंडल सचिव लायन हिमांशु गुप्ता, लालू मित्तल,मंडल रक्तदान चेयरपर्सन भरत हिरानी, उपमा श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुँवर बी एम सिंह , डॉ आनन्द, रीना जायसवाल, पुश्पा अग्रवाल, अनिल जायसवाल,लाला भैया, बीरेन्द्र जायसवाल डॉ मोहम्मद कादिर डॉ उर्मिला श्रीवास्तव, धीरेन्द्र मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान एवं आरएएफ 101 शांतिपुरम प्रयागराज द्वारा संयुक्त रुप से साइबर सिक्योरिटी एंड प्रिवेंशन पर एक कार्यशाला का आयोजन



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** दिनांक 12 सितंबर 2022 को प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान एवं आरएएफ 101 शांतिपुरम प्रयागराज द्वारा संयुक्त रुप से साइबर सिक्योरिटी एंड प्रिवेंशन पर एक कार्यशाला का आयोजन आरएएफ के ऑडिटोरियम शांतिपुरम में, कमांडेंट आरएएफ 101 श्री मनोज कुमार गौतम के आवाहन पर किया गया।जुवेनाइल बोर्ड के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रहे एम. एच.जैदी जो की साइबर एक्सपर्ट भी है,उनके द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमे आरएएफ के जवानों ने हिस्सा लिया और बहुत सारी साइबर संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया और उससे कैसे बचा जाए ये भी जाना।वही दूसरी ओर प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के प्रबन्धक श्री फरहान आलम द्वारा लीगल अवेयरनेस पर चर्चा किया गया और विभिन्न विभागों के इमरजेंसी नंबर्स भी दिया गया जिससे किसी की मदद हो सके। डायल 112 का व्हास्टैप नो.जिससे पीढित अपना लोकेशन भेज कर मदद ले सकता है जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कमांडेंट श्री बृजेश दुबे,अमन कुमार, सबा खान,सचिन एवं आरएएफ की समस्त टीम मौजूद रही।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

## बात करने से बात बनती है की मुहिम को लोगों तक पहुंचाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** 10 सितंबर 2022 विश्वआत्महत्या रोकथाम दिवस परमोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय की नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ ईशान्या राज एवं मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट द्वारापीवीआर विनायक सिटी सेंटर में एक दिवसीय जन निर्देशिका एमजीएम हॉस्पिटल, झलवा डॉक्टर अनुराग वर्मा मनोचिकित्सक परामर्शदाता, मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे ।विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के निराकरण के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अलग बारे में बात की गयी। शिविर में डॉ प्रवीण , डॉ नागवेनि, अमित पांडे व टीम श्री सचिन सिंह व टीम श्री अभिनव पांडे व उनकी टीम के अनुराग वैश्य एवं मनीष मंगल पांडे द्वारा डॉ ईशान्या राज के साथ मिलकर यूथ आईकॉन के रूप में बैनर पोस्टर के सहारे, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी



जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुहिम का शीर्षक रहा-ठक्योंकि बात करने से बात बनती है। लोगों को अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करने की जरुरत है, इसलिए झिझक को छोड़कर बात करें। कार्यक्रम के अंतर्गत पीवीआर के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया, जहां लीगल एक्सपर्ट मोहम्मद हसन जैदी, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के जज एवं शालिनी सिविल जज हाई कोर्ट जैसे विशेषज्ञों द्वारा मेंटल हेल्थ केयर एक्ट, 2017 के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। डॉ इंदु कनौजिया अधीक्षक, मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय, डॉ पुष्पा पाल परिस्थिति होती हैं और हर समस्या का हल भी अलग होता है विशेषज्ञों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोग जो किसी भी परेशानी में थेऔर अभी तक बात नही कि थी उनके साथ चर्चा की गयीतथा मानसिक परेशानियों से ग्रसित लोगों को संबंधित सुविधाएं प्रदान की गयींतथा मानसिक स्वास्थ्य हेतु इलाज के लिए उनको प्रेरित किया गया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीके मिश्रा द्वारा प्रयागराज में आत्महत्या रोकथाम को लेकर किये जा रहे प्रयासों के बारे में आम जनमानस को विस्तार से बताया गया। वियुवको में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के परेशानियों के बारे में ,उसके इलाज के बारे में बताया गया । बैनर और पोस्टर के सहारे मानसिक स्वास्थ संबंधी कथनों को साझा किया गयात् कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन वाजपेई ,विधायक शहर उत्तरी रहे उन्होंनेप्रयागराज के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों व इलाज को लेकर आ रही दिक्कतों को जाना और कहा किसरकार की तरफ से इसमें बदलाव लाने के लिए तथा गांव के स्तर तक मानसिक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए हर संभावित कोशिशों पर अमल की जायेगी।



# अगले माह लगेगा 'मुख्यमंत्री योगी' की काशी यात्रा का शतक श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा का 88 बार किया दर्शन-पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी ।** मंत्री हों या मुख्यमंत्री, आमतौर पर उनका जोर प्रदेश की राजधानी या अपने गृह जनपद पर अधिक होता है, लेकिन संत से सत्ता तक का सफर तय करने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं, जिनका झुकाव देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी की ओर अधिक रहा। अपने दो टर्म के साढ़े पांच साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री का रिकार्ड 98 बार काशी आना हुआ। इस दौरान उन्होंने 88 बार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा के दर्शन-पूजन किए। योगी का जिस तरह काशी आना होता है, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि अगले माह तक 'मुख्यमंत्री योगी' की काशी यात्रा का शतक पूरा हो जाएगा। योगी आदित्यनाथ से पहले 21 लोगों ने मुख्यमंत्री पद संभाला। काशीवासियों को याद नहीं कि उनसे पहले किसी मुख्यमंत्री ने अपने पांच साल के कार्यकाल में पांच बार भी काशी की यात्रा की हो। रही बात श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन की तो यह चुनाव से पहले आशीर्वाद लेने से आगे कभी नहीं बढ़ा। वहीं, योगी की हर यात्रा काशी के विकास व नवनिर्माण को समर्पित रही। ज्यादातर बार उन्होंने कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के नाते विकास कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता की जिम्मेदारी भी संभाली। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को नव्य-भव्य स्वरूप तो उनकी ही निगरानी में दिया गया। एक मुखिया की तरह हर बिंदु को जांचा परखा और श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से अंत तक संशोधन कराते रहे। पंचक्रोशी यात्रा पथ से लेकर पड़ावों तक का सुंदरीकरण व पावन पथ प्राथमिकता में रहा तो काशी की आत्मा को बचाए रखते हुए कायाकल्प से जुड़ी योजनाओं पर भी जोर रहा। उन्होंने वर्ष 2017 में छह, वर्ष 2018 में 22, वर्ष 2019 में 23, वर्ष 2020 में 13, वर्ष 2021 में 23 और वर्ष 2022 में नौ सितंबर तक 11 बार काशी दौरा किया।





# जनपद प्रयागराज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पैदल गश्त लगाती रही प्रयागराज पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय द्वारा थाना सिविल लाइन्स पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय द्वारा थाना सिविल लाइन्स पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की गयी।




# भाजपाइयों ने जसरा में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन, मरीजों में बाटा फल जाना उनका हाल

## विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर भारत - कमलेश त्रिपाठी




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बारा।** शनिवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में भाजपा कार्यकर्ताओं जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी की अगुआई में मरीजों में फल वितरण किया और केक काट कर मनाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश को उच्च शिखर पर ले जाने का काम किया है। जहां पर पहुंचना बड़े गर्व की बात होती है। आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री जी को ही जाता है। कार्यक्रम में मंचासीन भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुधीर साहू बउआ, जिला महामंत्री आदेश सिंह, डॉ तरूण पाठक, विधायक प्रतिनिधि नीरज केसरवानी, ने अपने अपने विचार रखे। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक, महामंत्री भूपेंद्र पाठक, सुधांशु मिश्रा, पीयूष तिवारी, अविनाश त्रिपाठी, अंबुज त्रिपाठी, अभिषेक मौर्या, नीरज दृवेदी, छंगू दृवेदी, अनूप शुक्ला, मोहन सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# भारत-नेपाल सीमा पर 72.8 लाख नेपाली मुद्रा के साथ एक हिरासत में, सुरक्षा एजेंसियां चौकस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**महराजगंज।** भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने 72 लाख 80 हजार नेपाली रुपये (45 लाख भारतीय) बरामद किया। यह बरामदगी एक लग्जरी कार से हुई है। नेपाल निवासी कार चालक को हिरासत में लेकर कस्टम सहित अन्य सुरक्षा एजेंसिया पूछताछ कर रहीं हैं। ऐसे हुई बरामदगी एसएसबी 22वीं बटालियन के सहायक कमांडर ललित डोभाल व सोनौली चौकी इंचार्ज दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सोनौली सीमा पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान भारत से नेपाल प्रवेश कर रहे एक कार को रोका गया। जब उसकी सीट की जांच हुई, तो उसके नीचे छुपा कर रखे गए एक हजार, 500, 100 व 50 के नोट मिले। यह गिनने में 72.8 यह लाख निकले। कार चालक ने पूछताछ में अपना नाम सुभाष सुनार निवासी वार्ड सात दयापथ भैरहवा जनपद रुपंदेही, नेपाल बताया। उसने बताया कि वह कपड़ा कारोबारी है। दुकान बेचने के बाद यह रुपये मिले हैं।आरोपित नेपाली मुद्रा लेकर भारतीय क्षेत्र में क्यों आया था, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इसकी जांच की जा रही है। आरोपित व नेपाली रुपयों को कस्टम नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हवाला कारोबार से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक अतिश कुमार सिंह ने बताया कि सीमा पर जांच के दौरान 72 लाख 80 हजार नेपाली रुपया बरामद हुआ है। कस्टम व इनकम टेक्स विभाग की टीम भी जांच कर रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के रडार पर गेहूं तस्कर : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेष फरेंदा गांव में एसडीएम द्वारा तस्करी के गेहूं पकड़े जाने के मामले में तस्करी का सरगना अब भी प्रशासन की पकड़ से बाहर है।




# कुशीनगर में पुलिस व पशु तस्करों में मुठभेड़ दो पशु तस्कर घायल- तीन गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कुशीनगर।** कुशीनगर के पटहेरवा के अहलादपुर मतलूक छापर के पास फोरलेन पर मंगलवार सुबह ट्रक सवार पशु तस्करों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर पकड़े गए। दो तस्करों के पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक पर गोवंश मिले हैं। ऐसे हुई मुठभेड़ मंगलवार तड़के पटहेरवा पुलिस को सूचना मिली कि पशु तस्कर पशुओं की खेप लेकर बिहार जा रहे हैं। इस पर स्वाट व पटहेरवा, तुर्कपट्टी तथा तमकुहीराज पुलिस की टीम भी पहुंच गई। सुबह साढे चार बजे अहलादपुर मतलूक छापर के पास फाजिलनगर की ओर से एक ट्रक आता दिखा। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो ट्रक पर सवार तस्कर वाहन सड़क किनारे रोककर पुलिस को निशाना बना फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो दो तस्करों को गोली लगी और एक दबोच लिया गया।घायल तस्करों की पहचान सद्दाम व नसीर आलम निवासी नहरिया आरटीओ आफिस थाना बलरामपुर नगर जिला बलरामपुर के रूप में हुई। इनके अलावा अनवर निवासी महराजगंज तराई थाना महराजगंज जिला बलरामपुर भी गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो तमंचा, कारतूस, लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, लोहे का धारदार हथियार बरामद हुआ। मौके से पुलिस को खोखा भी मिला है।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2 | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 15 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# सम्पादकीय

## एकता-अखंडता के स्मरण का उत्सव, हैदराबाद की मुक्ति अनसुनी संघर्ष गाथा सुनाना भी जरूरी

भारत ने पिछले महीने ब्रिटिश उपनिवेशवाद से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का जशन मनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित किया और 'पंच प्रण' की बात की। पांच प्रणों में से एक प्रण है कि हमें गुलामी के किसी भी अंश को अब रहने नहीं देना है। उन्होंने 'स्व' का भाव प्रेरित करते हुए अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करने की बात भी कही। प्रधानमंत्री ने महसूस किया कि यह औपनिवेशिक मानसिकता हमें एक राष्ट्र के रूप में अपनी सामर्थ्य का संपूर्ण उपयोग करने से रोक रही है। आजादी के इतने लंबे समय के बाद भी देश में ऐसी कई घटनाओं को छुपाया गया, जिनके सभी पहलुओं पर सभ्यतागत लोकाचार या वास्तव में एक खुली चर्चा और सही बातचीत की आवश्यकता थी। भारत के इतिहास में हैदराबाद की मुक्ति भी एक ऐसी ही घटना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'हैदराबाद मुक्ति स्मरणोत्सव' जैसी पहल गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। केंद्र सरकार ने इस स्मरणोत्सव को वर्ष भर मनाने का निणर्य किया है। इस अवसर पर 17 सितंबर को गृहमंत्री अमित शाह हैदराबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और वर्ष भर चलने वाले समारोहों का शुभारंभ करेंगे। यह स्मरणोत्सव हैदराबाद मुक्ति के लिए संघर्षरत नेताओं और बलिदान हुए वीरों के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कोंडा लक्ष्मण बापूजी, शोएब उल्लाह खान, नारायण राव पवार, स्वामी रामानंद तीर्थ, कोमाराम भीम, सुरवरम प्रतापरेड्डी, वंदेमातरम् रामचंद्र राव, रामजी गोंड, भाग्य रेड्डी वर्मा और चकली इलम्मा जैसे अनेक वीरों के बलिदान हमारी सामूहिक स्मृति से धुंधले होते दिखाई दे रहे हैं। यदि इन महापुरुषों के महान कार्यों और अभूतपूर्व त्यागों को पुस्तकों, स्मारकों और हमारी सामूहिक स्मृतियों में अमर नहीं रखा गया तो इनके योगदान पूरी तरह से भुला दिए जाएंगे। इस दृष्टि से इस स्मरणोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 15 अगस्त, 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब 562 रियासतों के भारतीय संघ में विलय होने की घोषणा हुई। उस समय गुजरात के जूनागढ़, कश्मीर और हैदराबाद में इसका विरोध हुआ। हैदराबाद में सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान के क्रूर शासन से जनता त्रस्त थी। निजाम की रजाकार सेना उसके निर्देशों पर दिनोंदिन उग्र हो रही थी और उसने जन विद्रोह को कुचलने के लिए हरसंभव प्रयास किया। लोगों को लूटा, डराया, मारा और महिलाओं का यौन शोषण किया। स्थानीय लोगों की इच्छा के विरुद्ध निजाम हैदराबाद रियासत को भारतीय संघ से बाहर रखना चाहता था। वह हैदराबाद रियासत को एक स्वतंत्र देश बनाना चाहता था या पाकिस्तान में विलय करना चाहता था। निजाम के अनुसार हैदराबाद रियासत में वर्तमान तेलंगाना, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के औरंगाबाद, बीड़, हिंगोली, जालना, लातूर, नांदेड़, उस्मानाबाद एवं परभणी और वर्तमान कर्नाटक के उत्तर-पूर्वी जिले बीदर, कालाबुरागी, कोप्पल, विजयनगर, यादगीर और रायचूर भी शामिल थे। इसलिए हैदराबाद की मुक्ति आधुनिक भारत के इतिहास में न केवल तेलंगाना, बल्कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के लोगों के लिए भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है। उस दौरान रजाकारों द्वारा की जा रही हिंसा के निशाने पर राज्य के आम नागरिक थे। वारंगल में एक छोटे से गांव भैरणपल्ली के हजारों लोगों ने रजाकारों की गोलियां खा कर अपने प्राणों की आहुति दी। इस प्रकार की घटना करीमनगर, पार्कल शहर, रंगपुरम गांव और लक्ष्मीपुरम आदि गांवों में भी हुई। ये अत्याचार इतने दर्दनाक थे कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने रंगपुरम और लक्ष्मीपुरम गांवों की घटनाओं को दक्षिण भारत का 'जलियांवाला बाग' बताया। मगर इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि कुछ राजनीतिक दल 17 सितंबर के इस स्मरणोत्सव को निजाम का अपमान करने और मुस्लिम समुदाय को नाराज करने के साथ जोड़ रहे हैं। तुष्टीकरण की यह राजनीति इतनी मजबूत है कि लोग भूल जाते हैं कि एक पत्रकार शोयाबुल्लाह खान ने निजाम की सेना के अत्याचारों पर लिखा तो निजाम ने उनके दोनों हाथ काट दिए। इसलिए यह हिंदू-मुस्लिम को तोड़ने का नहीं, बल्कि देश की एकता-अखंडता और स्वतंत्रता का उत्सव है। यह निजाम के आततायी शासन से मुक्ति का उत्सव है। यह गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उत्सव है, लेकिन इस स्मरणोत्सव से तेलंगाना के वर्तमान मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सरकार खुश दिखाई नहीं दे रही। इस तरह से वह अपनी सहयोगी मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआइएम) और उसके शर्मनाक अतीत की ही रक्षा कर रही है। दरअसल भारत की स्वतंत्रता के समय एमआइएम के तत्कालीन नेता कासिम रिजवी हैदराबाद डेक्कन को एक स्वतंत्र इस्लामी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में विश्वास रखते थे। उन्होंने अपने लगभग 1,50,000 कार्यकर्ताओं को निजाम की नियमित सेना में शामिल कराया था। रजाकार बनने के बाद उन्होंने हैदराबाद रियासत में नरसंहार किया था। वास्तव में हैदराबाद तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का ऋणी है। उस समय यदि वह भारतीय सेना को 'आपरेशन पोलो' का आदेश नहीं देते तो शायद आज हैदराबाद पाकिस्तान का हिस्सा होता या फिर अलग देश होता। इसलिए इस ऐतिहासिक संघर्ष की गाथा को देश की जनता को बताना जरूरी है, ताकि ये आदर्श आज के युवाओं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणा पुंज के रूप में काम करें।

## टेनिस में अब नए दौर की शुरुआत, फेडरर सेरेना के संन्यास के बाद अलकराज और स्वियातेक ने दिखाई नए युग की झलक


एक सप्ताह के अंदर दो दिग्गजों रोजर फेडरर और सेरेना विलियम्स के टेनिस से संन्यास लेने जैसी घोषणाओं से टेनिस के एक युग का अंत हो रहा है, साथ ही इस खेल के अगले दौर की शुरुआत हो रही है। महज 21 साल की उम्र में अपना तीसरा से रैं□कग में नंबर एक महिला खिलाड़ी हैं। वह 2016 के बाद से एक सत्र में दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली पहली महिला हैं। दूसरी ओर, अलकराज 1973 में कंप्युटरीकृत रैंकग शुरू होने के बाद से बीते सोमवार को नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे रहे हैं। नडाल और जोकोविक के रहते किसी भी अन्य खिलाड़ी के लिए अपना परचम लहराना आसान नहीं होगा, लेकिन इस साल अलकराज ने इन दोनों खिलाडि़यों को हराया था। नडाल पिछले कुछ दिनों से अपनी चोट से परेशान हैं और जोकोविक कोविड-



ग्रैंडस्लैम जीतने वाली पोलैंड की इगा स्वियातेक और 19 वर्ष में अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीतने वाले स्पेन के कालीस अलकराज ने नए युग की शुरुआत की झलक दिखा दी है। सेरेना ने यूएस ओपन के बाद इस तरह के संकेत दिए थे कि वह अपना आखिरी पेशेवर मैच खेल चुकी हैं, जबकि फेडरर ने गुरुवार को खेल को अलविदा कहने की घोषणा की थी। इन दोनों खिलाडि़यों की विदाई से पहले ही टेनिस के भविष्य को लेकर काफी चर्चा की जा रही थी, लेकिन स्वियातेक और अलकराज जैसे युवाओं ने हाल के दिनों में यह साबित किया कि खेल सही हाथों में है। सेरेना ने 23 और फेडरर ने 20 ग्रैंडस्लैम जीते। इन दोनों ने इसके साथ ही ओलिंपिक पदक और कई टूर्नामेंट में जीत का परचम लहराया और सैकड़ों सप्ताह तक रैंकिंग में शिखर पर रहे। इन खिलाडि़यों की जगह को भरने के लिए हालांकि युवा ब्रिगेड तैयार है। स्वियातेक और अलकराज ने छोटे अंतरराष्ट्रीय करियर में ही इसकी झलक पेश कर दी है। अपने-अपने वर्गों में शीर्ष पर हैं स्वियातेक और अलकराज : स्वियातेक छह महीने पहले एश्ले बार्टी के संन्यास के बाद कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। वह 1990 में पीट संप्रास के बाद से यूएस ओपन और नडाल (2005 में फ्रेंच ओपन) के बाद से किसी भी ग्रैंडस्लैम के पुरुष सिंगल्स ट्राफी को जीतने वाले पहले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। एक पीढ़ी का अंतर : अलकराज और स्वियातेक को भले ही फेडरर तथा सेरेना के बाद नए युग की अहम कड़ी माना जा रहा है, लेकिन इनके बीच एक पीढ़ी का अंतर है। दिलचस्प बात तो यह है कि फेडरर ने जब अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीता था तब अलकराज की उम्र महज दो महीने थी, जबकि स्वियातेक दो साल की थीं। इन दोनों खिलाड़ियों पर फेडरर और सेरेना के खेल की गहरी छाप है। स्वियातेक और अलकराज के अलावा नाओमी ओसाका, कोको गफ, फ्रांसेस टियाफो, जानिक सिनर, कैस्पर रूड और ओंस जेब्यूर जैसे खिलाडि़यों ने पिछले कुछ समय में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पुरुषों में सक्रिय हैं बिग टू : पुरुषों में फेडरर के जाने के बाद भी राफेल नडाल और नोवाक जोकोविक सक्रिय है। नडाल और जोकोविक सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम जीतने के मामले में फेडरर से पहले ही आगे निकल चुके थे और लगातार खेल भी 19 का टीका नहीं लगवाने के कारण सीमित प्रतियोगिताओं में खेल रहे है। इसके बाद भी दोनों ने साल के चार में तीन ग्रैंडस्लैम को अपने नाम किए हैं। नडाल ने इस साल आस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन जीता था, जबकि जोकोविक विंबलडन के चैंपियन बने थे। पुरुषों में सक्रिय हैं बिग टू : पुरुषों में फेडरर के जाने के बाद भी राफेल नडाल और नोवाक जोकोविक सक्रिय है। नडाल और जोकोविक सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम जीतने के मामले में फेडरर से पहले ही आगे निकल चुके थे और लगातार खेल भी रहे हैं। नडाल और जोकोविक के रहते किसी भी अन्य खिलाड़ी के लिए अपना परचम लहराना आसान नहीं होगा, लेकिन इस साल अलकराज ने इन दोनों खिलाडियों को हराया था। नडाल पिछले कुछ दिनों से अपनी चोट से परेशान हैं और जोकोविक कोविड-19 का टीका नहीं लगवाने के कारण सीमित प्रतियोगिताओं में खेल रहे हैं। इसके बाद भी दोनों ने साल के चार में तीन ग्रैंडस्लैम को अपने नाम किए हैं। नडाल ने इस साल आस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन जीता था, जबकि जोकोविक विंबलडन के चैंपियन बने थे।

## पीएम मोदी को खेल से है अथाह प्रेम, हमेशा बढ़ाया है भारतीय खिलाड़ियों का हौसला

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 72 वर्ष के हो गए। उनका खेल प्रेम किसी से छिपा नहीं है और भारतीय खेल व खिलाडि़यों को आगे बढ़ाने के लिए वो हमेशा ही तत्पर रहे हैं। देश के खिलाडि़यों को जब भी किसी बड़े इवेंट में जाना होता है तो उससे पहले पीएम मोदी उनसे बात करते हैं, उनका हौसला बढ़ाते हैं और इवेंट के दौरान कोई पदक जीते या फिर कोई अच्छे प्रदर्शन के उससे बारे में जानते हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलिंपिक में सेमीफाइनल में पहुंची थी, लेकिन इंग्लैंड के हाथों ये टीम कड़े मुकाबले में 3-4 से हार गई थी और ब्रान्ज मेडल जीतने से चूक गई। इसके बाद महिला टीम व पूरे देश में मायूसी थी, लेकिन पीएम मोदी ने मैच के तुरंत बाद ही महिला हॉकी खिलाडि़यों से बात की और उनका हौसला बढ़ाया साथ ही चोटिल खिलाड़ी नवनीत कौर का हाल थे। भारत की तरफ से नीरज चोपड़ा ने गोल्ड जीता था और ओलिंपिक इतिहास में भारत का ये बेस्ट प्रदर्शन रहा था। भारत खिलाडि़यों की इस सफलता के बाद पीएम मोदी ने ओलिंपिक में शामिल हुए खिलाडि़यों से मुलाकात की और उनके साथ नाश्ता भी किया। इस दौरान भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के साथ भी पीएम ने फोटो खिंचवाई। इतना ही









बाद हार जाए तब भी वो उनसे बात करने में पीछे नहीं रहते। देश में हर खेल को बढ़ावा देने में वो कभी पीछे नहीं रहे हैं और इसके लिए तमाम तरह के प्रयास उनकी तरफ से किए जाते हैं और ये लगातार जारी है। देश का कोई खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर जब कामयाबी का परचम लहरा कर आता है तो पीएम मोदी द्वारा जो सम्मान और सन्हे उन्हें दिया जाता है वो अपने आप में बेमिसाल है। हाल के दिनों में जब भारतीय खिलाडि़यों ने टोक्यो ओलिंपिक में अच्छा प्रदर्शन किया, इसके बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में खिलाडि़यों ने देश की मान बढ़ाया या फिर एशिया कप में भारत ने पहले लीग मैच में पाकिस्तान को हराया उन्होंने सबका हौसला बढ़ाया, उनसे मिले, उनके साथ खाना खाने से लेकर तमाम पहलूओं पर चर्चा करते नजर आए। खेल और खिलाडि़यों के प्रति उनकी उदारता किस तरह की है आइए भी जाना। यही नहीं इसके बाद उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि आपके प्रदर्शन पर हमें गर्व है और आपके साहस और प्रयास को सलाम है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में जब भारतीय महिला रेसलर पूजा गहलोत ने 50 किलोग्राम रेसलिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया था तब उन्होंने पूरे देश से माफी मांगी थी (गोल्ड मेडल नहीं जीतने के लिए) और कहा था कि मैंने अपनी गलती से सीखा है और आगे अच्छा करने की कोशिश करूंगी। पूजा के इस बयान के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि पूजा, आपका पदक जशन मनाने के लिए कहता है, माफी के लिए नहीं। आपकी जीवन यात्रा हमें प्रेरित करती है, आपकी सफलता हमें प्रसनन करती है। आप आगे महान कार्यों को करने के लिए बनी हैं...इसी तरह से चमकती रहें। टोक्यो ओलिंपिक में भारत ने एक गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत कुल 7 मेडल अपने नाम किए नहीं पानीपत के रहने वाले नीरज को उनका पंसदीदा चूरमा खिलाया।वहीं टोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की बैडमिंटन स्पर्धा में पदक जीतने वाली पीवी सिंधु को पीएम मोदी ने आइस्क्रीम खिलाई। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय टीम ने 61 मेडल जीते थे जिसमें 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे। इस सफलता के बाद पीएम मोदी ने इस इवेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाडि़यों से मुलाकात की थी।पीएम मोदी ने सभी खिलाडि़यों से मिलकर उनसे बातचीत और उनका अनुभव जाना। राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले खिलाडि़यों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि देश को आपकी उत्कृष्ट उपलब्धियों पर गर्व है। एशिया कप 2022 में भारत का पहला लीग मैच पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेला गया था।




## पीएम मोदी के जन्मदिन पर योगी आदित्यनाथ ने लिखा लेख, बताया- एक भारत श्रेष्ठ भारत

गुजरात के एक छोटे से शहर वडनगर में जन्मे नरेन्द्र मोदी जी ने 135 करोड़ भारतीयों के प्रधान सेवक बनने की एक लंबी एवं प्रेरक यात्रा तय की है। इस यात्रा में जीवन के पग-पग पर मिली चुनौतियों और संघर्षों को उन्होंने अवसर मानकर एक नए भारत का शिल्प गढ़ा है। विगत 20 वर्षों से देश-दुनिया उनकी वैचारिकी, कार्यशैली, विजन और मिशन के साक्षी रहे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने विकास और सुशासन का जो माडल प्रस्तुत किया, भारत दशकों से उसकी प्रतीक्षा में था।लंबे समय से सांप्रदायिकता और तुष्टीकरण की नीति से आहत मानवता को 'सर्वस्पर्शी एवं सर्वसमावेशी' नेतृत्व की अभिलाषा थी। शोषित और उपेक्षित जनता को एक स्वर की चाह थी। राष्ट्र को विभाजनकारी शक्तियों के कुत्सित प्रयासों से मुक्त होकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के रूप में पुनः देखने की प्यास थी। यही कारण है कि 2014 में देश और जनता ने मोदी जी के नेतृत्व को सहर्ष स्वीकार किया।गत आठ वर्षों में जनता ने जिस नए भारत की शिल्प रचना होते हुए देखी है, उससे वह इस निष्कर्ष पर पहुंच चुकी है कि प्रधानमंत्री मोदी सच्चे अर्थों में जन आकांक्षाओं के प्रतिबिंब और भारतीयता के प्रतीक हैं। यद्यपि उनकी राजनीतिक यात्रा के बीच कुछ नकारात्मक ताकतों की कुचेष्टाओं और निजी आलोचनाओं ने उनके मार्ग को अवरुद्ध करने की कोशिश की, पर वह उन्हें संकल्पों से डिगा नहीं सकी। प्रत्येक आलोचना, हरेक अवरोध और विविध प्रकार के कुचक्र उनके संकल्पों को और सशक्त करते रहे।2014 के बाद देश के भीतर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन इसका प्रमाण हैं। जीवन के गुरुकुल में शिक्षित और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में दीक्षित, श्रद्धेय अटल जी के भावों से प्रेरित मोदी जी को जब भी कभी ध्येय साधना के बीच अग्निपरीक्षा की घड़ी का सामना करना पड़ा तो उन्होंने सदैव ही अर्जुन की तरह 'न दैन्यं न पलायनम्' का उद्घोष किया। आज उनके इसी उनकी निर्णायक नीतियों की महती भूमिका रही।यूनेस्को ने कुंभ को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर' के रूप में स्वीकार किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम की पौराणिकता के साथ दिव्यता और भव्यता आज दुनिया के समक्ष है। साथ-साथ अर्थव्यवस्था में 'पर्सनल सेक्टर' को भी महत्व दिया है। इसका आशय सबके लिए आवास, हर घर को बिजली, हर हाथ को काम, सबके लिए शिक्षा, सभी को स्वास्थ्य सुविधा और सर्वत्र स्वच्छता से है। आज हर भारतवासी प्रधानमंत्री के इन संकल्पों भरा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, सागरमाला परियोजना नए भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।प्रधानमंत्री ने 'जैम' (जनधन, आधार और मोबाइल) की त्रिवेणी के




आत्मविश्वास का भाव देश के प्रत्येक नागरिक को नए भारत के निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा दे रहा है।बीते दो दशकों में मोदी जी के विजन ने भारत को पुनः एकीकृत शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करने का कार्य किया है। वह दुनिया को यह संदेश देने में सफल हुए हैं कि भारत एक महाशक्ति है। आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अर्थव्यवस्था को गति देने में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राष्ट्र मंदिर के रूप में श्रीराम मंदिर का निर्माण भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। यह प्रधानमंत्री जी का विजन ही है कि योग पुनः समस्त विश्व को स्वस्थ एवं सुखी बनाने के सहज माध्यम के रूप में उभरा है।संप्रति आर्थिक विकास की चर्चा मुख्यतः दो क्षेत्रों तक सीमित रही है। पहला पब्लिक और दूसरा प्राइवेट, परंतु मोदी जी ने इन दोनों के के साथ जुड़कर स्वतःस्फूर्त भाव से अपनी भूमिका निभा रहा है।'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' आज भारत के उत्थान का मूल मंत्र बन चुका है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना वित्तीय समावेशन की उत्कृष्ट प्रतीक बनी है। इसने हाशिये के तबकों को वित्तीय मुख्यधारा में ला दिया है। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को कार्बन जनित समस्याओं से मुक्ति दिलाकर उनमें आत्मसम्मान का भाव माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रहार कर योजनाओं में रिसाव रोककर पूरा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में भारत एक सामाजिक-आर्थिक क्रांति होते देख रहा है। वृद्ध हों या निराश्रित महिलाएं अथवा दिव्यांगजन, सभी की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो साढ़े पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 45 लाख लोगों का अपने घर का सपना साकार हुआ है।प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के माध्यम से 35 लाख ग्रामीण जनों को अपने घरों का कानूनी अधिकार मिला है। दो करोड़ 57 लाख किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। ऐसे अनगिनत कार्य हैं, जो प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार द्वारा संपनन हुए हैं, जिसने उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयां प्रदान कर उसकी छवि बदली है। प्रधानमंत्री ने देशहित में बड़े-बड़े निणर्य लिए, लेकिन यदि उन्हें यह आभास हुआ कि उसका सही मर्म लोग समझ नहीं पाए तो ऐसे निणर्य पलटने में उन्होंने संकोच भी नहीं किया। यह लोकभावना के आदर और लोकतंत्र की खूबसूरती के श्रेष्ठ समन्वय का परिचायक है। कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में भी वह देश का कवच बनकर उभरे। उन्होंने भारत की जनता के साथ ही अन्य देशों तक भी वैक्सीन पहुंचाई, जिसके लिए उन्हें व्यापक सराहना मिली।जम्मू-कश्मीर पर संवैधानिक सुधार मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति से ही आकार ले सका। इस प्रकार जम्मू-कश्मीर का शेष भारत के साथ वास्तविक एकीकरण संभव हुआ। विदेश नीति में पड़ोसियों को प्राथमिकता के अभिनव प्रयास ने दक्षिण एशिया में भारत को और मजबूती प्रदान की। उनकी विदेश नीति के मूल में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं, तो विश्व के प्रति भी उनकी संवेदनाएं प्रत्यक्ष दिखती हैं। यही कारण है कि विश्व में भारत का कद बढ़ा है और दुनिया भारत की ओर देख रही है। वस्तुतः यह भारत के नवनिर्माण की अमृत बेला है। इस अमृत काल में राष्ट्रवाद और विकास की स्वर्णिम संकल्पना से राष्ट्र जिस गौरव की अनुभूति करते हुए वैश्विक शक्ति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहा है, पीएम मोदी उसके कुशल शिल्पकार हैं।

संक्षिप्त समाचार

## अमेरिका में गांधी प्रतिमा को तोड़ने की बढ़ रहीं घटनाएं

**वाशिंगटन।** हाल के दिनों में अमेरिका में बढ़ रहीं घृणा और अपराध की घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। अमेरिका के कई शहरों में गांधी प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की घटनाएं भी काफी बढ़ी हैं। शहर में बढ़ते अपराध और घृणा के माहौल के खिलाफ भारतीय और अमेरिकियों ने टाइम स्क्वायर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। अन्य सामुदायिक संगठनों के साथ प्रभावशाली फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन्स के सहयोग से विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया।



प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बाइडन प्रशासन और अन्य राज्य सरकारों से ऐसे मामलों के खिलाफ कदम उठाने का आग्रह किया।समुदाय के प्रतिनिधियों ने न्यूयॉर्क और अन्य अमेरिकी शहरों में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर हाल ही में और कई खुले हमलों पर भी चिंता व्यक्त की। पीड़ितों और उन सभी नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन और प्रार्थना सभा आयोजित की गई। 9/11 के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने हाल में हुई घटनाओं को लेकर और आतंकवाद के खिलाफ सतर्क रहने और शांति से भरे सद्भाव और अहिंसा को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि यही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उपदेश है। जायसवाल ने इस दौरान 9/11 के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी।एफआईए के अध्यक्ष केनी देसाई ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाने के लिए शांतिपूर्ण मार्च से बेहतर और कुछ नहीं है।

## पीएम मोदी ने देश के युवाओं को दिया नया मंत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कौशल विकास पर कही यह बातउन्होंने कहा कि हमारे देश में



पहला 1950 में बना था। इसके बाद के सात दशकों में 10 हजारे बने। हमारी सरकार के 8 वर्षों में देश में करीब-करीब 5 हजार नए छ्ळ्टे बनाए गए हैं। बीते 8 वर्षों में छ्ळ्टे में 4 लाख कौशल विकाससे ज़्यादा नई सीटें भी जोड़ी गई हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को के कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार छ्ळ्घ् के 9 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया है। 40 लाख से ज़्यादा छात्र हमारे साथ वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए हैं। मैं आप सब को कौशल दीक्षांत समारोह की बहुत शुभकामना देता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में पहला छ्ळ्घ् 1950 में बना था। इसके बाद के सात दशकों में 10 हजार बने। हमारी सरकार के 8 वर्षों में देश में करीब-करीब 5 हजार नए बनाए गए हैं।

## कैमोर एसीसी सीमेंट अमेहटा मे नाबालिक बच्ची के साथ रेप, आरोपी पुलिस की गिरफ्त से भागे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**कैमोर एसीसी सीमेंट प्लांट का नवीन प्लांट अमेहटा जहा पर प्लांट निर्माण का कार्य एलएनटी कर रही



है। प्लांट पर अधिकतम मजदूर बाहरी है तथा एलएनटी के अधिकारियों की लगाम अपने कर्मचारियों पर नही है इसी छुट का फायदा कर्मचारी उठाते हैं आए दिन तरह तरह की घटनाएं सामने आ रही है। कल देर रात्रि कटनी नजदीक कुछ युवक अमेहटा प्लांट के नजदीक एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार जैसे घिनौना अपराध कर बैठे जिन्हें ग्रामीणों ने धर पकड कर पुलिस के हवाले किया किन्तु एलएनटी के अधिकारियों ने पुलिस से मिल कर अपराधियों को रफा-दफा करा दिया जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्यापत हो गया पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारो के साथ रोड जाम कर दिया गया।एलएनटी के अधिकारियों की लापरवाही उजागर कर्मचारियों को झुट का परिणाम सामने आया।

## मध्यप्रदेश में मैहर माँ शारदा के धाम में नीचे सीढ़ियों से लेकर ऊपर तक हुआ वृक्षा रोपण


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय विष्णु दत्त शर्मा एवं ऊर्जावान युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत चतुर्वेदी एवं जिला प्रभारी युवा मोर्चा विजय तिवारी,के नेतृत्व में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा सौभाग्य केसरी, सतना जिला




वैभव पवार, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा रीवा संभाग के प्रभारी हरीश रावत के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष भाजपा,नरेंद्र त्रिपाठी, प्रदेशकार्यसमिति सदस्य भाजपा के प्रभारी मैहर मंडल पर मां शारदा देवी जी प्रथम सीढ़ी से लेकर ऊपर तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभआरंभ किया गया जिसमे लक्ष्य 1100, वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस मौके पर सतना जिला अध्यक्ष श्री नरेन्द्र त्रिपाठी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकान्त चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा पांडे विजय तिवारी,आशीष तिवारी सतना, आईटी सेल संयोजक अभिनव त्रिपाठी मैहर मंडल अध्यक्ष प्रिंस शर्मा भाजपा युवा मोर्चा,नितिन ताम्रकार,सूर्य प्रकाश चौरसिया, दिलीप त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गीता सोनी,पार्षद ललिता चौरसिया, गुड्डू चौरसिया, भगवानदीन सोनी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अमदरा मंडल बदेरा मंडल नादान मंडल अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मैहर युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता गण युवा मोर्चा सतना की समस्त टीम सहित भाजपा के पदाधिकारी व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे तत्पश्चात पौधा लगाने के बाद मां शारदा का सभी पदाधिकारी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये।

## बाँदा जिले की नेहा कश्यप को मिस यूनीक फ़ेस ओफ़ इंडिया 2022 के शो में वीआईपी गेस्ट का अवॉर्ड देकर किया गया सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बाँदा।** एक बार फिर नेहा कश्यप ने बाँदा जिले का नाम रोशन किया नेहा कश्यप मॉडल एवम् अभिनेत्री एक अपना नया मुक़ाम हासिल कर रही है बीते 10 को कानपुर में स्काई हील प्रोडक्टशन द्वारा होने वाले शो मिस यूनीक फ़ेस ओफ़ इंडिया 2022 में नेहा कश्यप को वीआईपी गेस्ट का अवॉर्ड देकर डायरेक्टर शशांक और को डायरेक्टर दीपक परवानी ने सम्मान किया और बेहत सराहना की नेहा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी,नेहा कश्यप ने अवार्ड के साथ साथ मंच में स्पेशल वॉक करके अपनी वॉक से जलवे बिखेर दिए ।शो में बहुत से सिलेब्रिटी उपस्थित रहे । मिस बुंदेलखंड नेहा कश्यप ऐसे कई अवार्ड अपने नाम कर चुकी है इनको बहुत सी जगह इन्वाइट किया गया है कही जज्मेंट के लिए तो कही जुरी मेम्बर स्पेशल गेस्ट के लिए इन्विटेशन आते रहते है नेहा मॉडलिंग के साथ साथ ऐक्टिंग की दुनिया में खूब धमाल मचाए हुए है इन्होंने कई मूवी वेबसेरीस में भी खूब काम किया है इनके इन्स्टग्रैम में 29000 से अधिक फ़ॉलोअर है इनका यूटूब चैनल भी है जिसमें ये नत्य के विडीओ अपलोड करती है जिसमें इनके भारी मात्रा में सब्स्क्राइबर है ,नेहा बताती है की वो अपनी फ़ैमिली और अपने बाँदा का नाम हर जगह रोशन करना चाहती है जिससे बाँदा का नाम इतिहास के पनने पर दर्ज हो और बाँदा को सब लोग जाने हम सभी नेहा कश्यप के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।



## कटनी सतना जिले के वार्डर में तीन साल की मासूम के साथ हुआ रेप

पुलिस की हिरासत से आरोपी फरार, लोगों ने किया चक्का जाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** कैमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक प्लांट के बाहर अमेहटा बस्ती में 3 साल की मासूम बच्ची के साथ एक दरिंदे द्वारा बलात्कार करने का मामला सामने आया है. आरोपी



प्लांट कर्मचारी बताया जा रहा है. इस घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों में खासा आक्रोश भड़क है. गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया है. पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है. जबकि परिवार और ग्रामीण आरोपी पर कड़ी कार्रवाई कर फांसी देने की मांग पर अड़े हुए है. मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है. इस दौरान पुलिस की लापरवाही भी नजर आई. वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी पुलिस अभिरक्षा से भाग गया है **पुलिस कस्टडी में होते हुए भी फरार हुआ आरोपीः** जानकारी के अनुसार कटनी निवासी युवक अमेहटा में प्लांट में काम करता था. बताया जा रहा है कि रविवार की रात लगभग 3 बजे बस्ती की एक आदिवासी मासूम बच्ची के साथ उसने बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया है. वहीं जब परिजन बच्ची की तलाश करने लगे तो वहीं नहीं मिली, बहुत देर तलाश करने के बाद मासूम रोते बिलखते हुए आरोपी के पास मिली. परिजनों को आता देख आरोपी वहां से भाग निकला. इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे दबोच लिया. वारदात की सूचना पुलिस को दी गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस देर से पहुंची. इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया. बताया जा रहा है ।

## राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ ने शिक्षिका दीपशिखा शर्मा का किया अभिनंदन

### दीपशिखा को हाल में किया गया है राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के द्वारा रविवार को समाज की हौनहार बेटी दीपशिखा का अभिनंदन किया गया। ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाली पहुंचकर उन्हें सॉल उढ़ाकर व बुके देकर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर वत्स ने बताया कि राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की टीम रविवार को जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा एडवोकेट शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरूस्कार और बड़ी बहन को दो वर्ष पूर्व राज्य पुरूस्कार से नवाजा जा चुका है। जिसके चलते शिक्षा के लिए समर्पण भाव उनके खून में है। उनके इस समर्पण भाव को देखते हुए



दीपशिखा एक शिक्षिका हैं और वर्तमान में जिले के जलालपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं। जिन्हें हाल ही में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार से समानित किया गया है। ऐसे में राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की टीम ने जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में उनके घर के साथ ब्राह्मण समाज की हौनहार बेटी दीपशिखा के आवास पर पहुंची। जहां पूरी टीम ने उन्हें गुलदस्ता देकर व सॉल उढ़ाकर मिठाई खिलाते हुए उनका अभिनंदन किया। इस परिवार के लोगों से बात चीत के दौरान सामने आया कि दीपशिखा ही नहीं उनके पूरे परिवार का शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है। जिसके तहत उनके भाई को पूर्व में माध्यमिक राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की टीम ने उनके पूरे परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नमन किया। वहीं जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने उनके सम्मान में जल्द ही एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर अभिनंदन करने वालों में प्रधानाचार्य रामदत्त शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक परमानंद कौशिक व उनके अन्य साथी मौजूद रहे।

## महर्षि नगर में श्री गणेश महोत्सव का समापन और विसर्जन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** महर्षि वेद विज्ञान विद्या पीठ के मीडिया प्रभारी ए के लाल ने बताया की आज सुबह से वैदिक पंडित के द्वारा श्री गणेश भगवान भगवान जी की मूर्ति का विसर्जन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिये शिशिर श्रीवास्तव , विनोद श्रीवास्तव , विनीत श्रीवास्तव , गिरीश



जी की पूजा कर आरती की गयी। प्रसाद एवं भडारा भी किया गया। महर्षि नगर के पांच सौ भक्तों ने भडारे का प्रसाद लिया । उसके बाद महर्षि नगर मे श्री गणेश अगिन्होत्री , राघवेंद्र यादव , कमलेश यादव , रामेन्द्र सचान ,नरेन्दर सिंह , ललन पाठक ,तथा दया शंकर गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पति बन गया हत्यारा, बेरहमी से पत्नी को मौत के घाट उतारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** कोतवाली फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 66 स्थित श्रमिक कुंज कालोनी में खाने बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद कथित तौर पर पति अपनी पतनी के सिर पर तवे से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर ने तवे से पीट-पीट कर दी उसने खाना नही बनाया था. पुलिस ने अनुराग को गिरफ्तार कर लिया है. पुछताछ के दौरान अनुराग ने बताया कि वह ऑटो चलाता है सुबह दोनों के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ा की वह आपे से में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया. कोतवाली फेज-3 प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो खुशबू जमीन पर लहूलुहान हालत में मृत पाई गई. पुलिस ने परिवार वालों को घटना की जानकारी और दे दी है और



दी। पुलिस ने हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है सेक्टर 66 केशव कुंज कॉलोनी में मकान नंबर 144 बी में रहने वाली वर्षीय महिला खुशबू देवी के शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए ले जा रही है, खुशबू की हत्या उसके पति अनुराग बाहर हो गया और किचन में पड़े तवे को उठाकर उसने खुशबू के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया. खुशबू चिल्लाती रही फिर तड़प तड़प कर उसकी मौत हो गई. इस हत्या के कारण श्रमिक कुंज कॉलोनी में सनसनी फैल गई लोगों ने इस हत्याकांड की सूचना पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आला ए कत्ल सभी को कब्जे में लेकर अनुराग को गिरफ्तार कर लिया जबकि खुशबू के शव को कब्जे वैधानिक कार्रवाई करने में जुट गई है प्रभारी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी अनुराग मूल रूप से बिहार का रहने वाला है उसके दो बच्चे है अनुराग अपने 5 साल के बेटे और पतने के साथ थाना फेज-3 क्षेत्र के श्रमिक कुंज कॉलोनी में रह रहा है जबकि उसकी एक बेटी से गांव में रहती है घटना के समय अनुराग का बेटा स्कूल गया हुआ था।

## पुराना हैबतपुर में रामलीला महोत्सव का मंचन 26 सितम्बर से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** पुराना हैबतपुर ग्रेटर नोएडा वेस्ट मे रामलीला महोत्सव 26 सितम्बर से शुरू होगा। आज इसका विधिवत भूमि पूजन एवं हवन किया गया। यह राम लीला 26/09 से 05/10 तक होगी आज रामलीला मैदान की भूमि पूजन किया गया, जिसमे पुवीतम सेवा समिति अध्यक्ष और भाजपा पूर्वांचल मोर्चा जिलामंत्री कन्हैया गुप्ता ,महेश लोधी,सचिन श्रीवास्तव, राजकुमार दुबे बूथ अध्यक्ष भाजपा ,गजय ठाकुर जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय हनुमान दल,शैलेन्द्र सिंह,रमन श्रीवास्तव,सत्यनारायण यादव,चौहान जी,भानु प्रताप सिंह,प्रमोद यादव,सर्वाजीत कुमार ,पारस जी,कृष्ण कान्त मिश्रा ,अनिल कुमार, दीपक कुमार, रवि कान्त झा एवं अन्य सभी समिति के कार्य कर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



## प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर जिला अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** 12 सितंबर के वी वी आई पी कार्यक्रम को जनपद में निर्धारित मानकों के अनुरूप संपनन्न कराने के उद्देश्य से जिला अधिकारी सुहास साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए सभी का आह्वान किया कि समस्त अधिकारीगण अपने अपने स्तर के सभी कार्य आज देर रात्रि तक समाप्त कर लें। सभी संबंधित अधिकारियों सुनिश्चित की जाएगी ताकि जनपद में आयोजित होने वाला वीवीआइपी कार्यक्रम निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा के साथ संपनन्न किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों



एल वाई ने आज गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचकर स्थल निरीक्षण करने के उपरांत एक्सपो मार्ट में कार्यक्रम सभागार, हेलीपैड एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में गहन स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण करने के उपरांत जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने एक्सपो मार्ट की सभागार में माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के की ड्यूटी लगाकर उनके पास निर्गत करने की कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित कर ली जाए। हेलीपैड की व्यवस्था में लगे हुए अधिकारी अपनी सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। विद्युत सप्लाई, खानपान व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि आज देर शाम तक सभी के द्वारा अपने अपने कार्य पूरा करने की कार्रवाई की ड्यूटी जहां-जहां पर नामित की गई है समस्त अधिकारीगण निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, अपर जिलाधिकारी एल ए बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# सुशांत सिंह राजपूत की बहन के इमोशन पोस्ट के बाद भावुक हुए फैंस


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत के निधन को 2 साल से भी ज्यादा हो चुके हैं। फैंस और परिवारवाले अभी तक इस सदमे से बाहर नहीं निकल की और पास में परफ्यूम की एक बॉटल रखी हुई थी। प्रियंका ने लिखा- जीवन ने मुझे बेरहमी से नकार दिया है, ऐसा लगता है कि मैं अपनी नींद से शांती चुरा रही हूं। मैं आपकी चंचल कर दी। एक अन्य फैन ने भी उन्हें सपने में देखने का दावा किया और लिखा- जब मैंने सोने के लिए आंखें बंद की तो सुशांत को सपने में मुस्कुराते हुए देखा। वो मेरी तरफ



पाए हैं। सुशांत की बहन प्रियंका सिंह ने अपने भाई को याद करते हुए एक पोस्ट लिखी। प्रियंका की पोस्ट देख सुशांत के फैंस इतने इमोशनल हो गए कि अब ट्विटर पर काफी ट्रेंड हो रहा है। प्रियंका सिंह ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्होंने पिछली रात ख्वाब में सुशांत को देखा था। इसके साथ ही उन्होंने एक्टर की एक तस्वीर शेयर लेकिन संजीदा कंपनी मिस करती हूं, जब हम सबसे टॉपिक्स पर चर्चा करते थे। आपका पसंदीदा इत्र और सुगंध मेरे चारों ओर रहता है...सुशांत को सपने में देखा। प्रियंका के इस पोस्ट के बाद तो मानों सुशांत के फैंस और भी ज्यादा इमोशनल हो गए। एक के बाद लोगों ने टैग के साथ अपने दिल की बातें कहनी शुरू ठीक इस फोटो की तरह देख रहे थे। बता दें कि हाल ही में आमिर खान के भाई फैसल खान ने सुशांत के लिए कहा कि उन्हें पता है कि एक्टर ने आत्महत्या नहीं की थी, उनकी हत्या की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वो चाहते हैं कि सच जल्द ही सामने आ जाए और लोगों को दोषियों की सच्चाई पता चले।

# रश्मिका मंदाना 'कोई मिल गया' के ऋतिक रोशन के लुक में आई नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म का प्रमोशन करने नई दिल्ली आई हुईं है शेयर की हैत् इसमें उन्हें खाने की मेज पर बैठे हुए देखा जा सकता हैत् वहीं इस अवसर पर उनकी टेबल पर दाल मखनी, बटर चिकन, पनीर भुर्जी, रश्मिका मंदाना फिल्म एक्ट्रेस है उनकी जल्द फिल्म गुड बाय रिलीज होने वाली है यह फिल्म 7 अक्टूबर को रिलीज होगी इस फिल्म में







उनके अलावा अमिताभ बच्चन, नीना गुप्ता, सुनील ग्रोवर और एली अवराम की अहम भूमिका है वहीं इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर ने किया है रश्मिका मंदाना की यह पहली बॉलीवुड फिल्म होगी एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना हाल ही में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आई थी दोनों की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर काफी वायरल हुई थी कार्तिक आर्यन ने रश्मिका मंदाना के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए

इस अवसर पर उन्हें ऋतिक रोशन की फिल्म कोई मिल गया के ड्रेस में देखा जा सकता है वह काफी खुश नजर आ रही है रश्मिका मंदाना ने ब्लू डेनिम शर्ट और रेड पैंट पहने देखा जा सकता है इसके पहले रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर सीख कबाब, मकई की रोटी और दही कबाब रखा नजर आ रहा हैत् रश्मिका मंदाना ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'जब आप दिल्ली में होते हो तब आप इन सभी का सेवन करते हो इसके अलावा उन्होंने अपनी एक हंसती हुई तस्वीर भी शेयर की है लिखा था, 'मेरी पार्टनर से मिलिए' इस पर रश्मिका मंदाना ने लिखा था, 'हेलो पार्टनर रश्मिका मंदाना दक्षिण की कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी है उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ व्यापार कर चुकी हैं ।

# पीएम मोदी का संघर्ष और राजनीतिक सफर दिखाती हैं ये फिल्में और वेब सीरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उम्र का 72वां पड़ाव छू लिया है। पीएम मोदी जिस तरह से अपने विचारों और दिनचर्या के जरिये खुद को फिट रखते हैं, वह कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका स्टाइल स्टेटमेंट भी हिट है। प्रधानमंत्री मोदी, नाम पर रखा गया। इस फिल्म में विवेक ओबरॉय ने प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभाया था। हालांकि, इसकी रिलीज इतनी आसान नहीं थी। थिएटर में लगने से पहले इसे काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। फिल्म में उनके राजनीतिक छात्र जीवन से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री और जो 14 अक्टूबर को रिलीज होगी। 'मोदी: जर्नी ऑफ अ कॉमन मैन' पीएम मोदी के नाम पर वेब सीरीज भी बन चुकी है। यह 10 एपिसोड वाली वेब सीरीज है, जो पूरी तरह से पीएम मोदी के जीवन पर आधारित है। इसे मिहिर भूटा और राधिका आनंद ने लिखा है। इस






अपनी कुछ ऐसी क्वालिटी के लिए जाने जाते हैं, जो उन्हें दूसरे नेताओं से अलग बनाती है। यहां तक कि यूथ भी उन्हें अपना आइकन मानते हैं। उनके जीवन की एक छोटी सी झलक फिल्मों के जरिये दिखाई जा चुकी है। ऐसे में एक नजर डालते हैं उन फिल्मों पर, जो उनके जीवन पर आधारित हैं। उमंग कुमार के निर्देशन में बनी पीएम मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म का शीर्षक उनके ही फिर देश के प्रधानमंत्री बनने तक के सफर को दिखाया गया है। यह प्रधानमंत्री के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म है। मंगेश हडावले के निर्देशन में बनी यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसे 66वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का खिताब मिला था। पीएम मोदी पर 'बाल नरेन' नाम की फिल्म का एलान हुआ था। यह महामारी के दौर में स्वच्छता से प्रेरित मूवी है, कहानी में मोदी के किरदार को फैसल खान, आशीष शर्मा और महेश ठाकुर ने निभाए हैं। यह 'मोदी: जर्नी ऑफ अ कॉमन मैन' का दूसरा भाग है। इसे साल 2020 में रिलीज किया गया था। इसमें पहले सीजन के आगे की कहानी दिखाई गई है। दूसरे भाग में पीएम मोदी के गुजरात के सीएम से लेकर देश के प्रधानमंत्री बनने तक के सफर को दिखाया गया है।

# इस खास व्यक्ति ने रखा था अमिताभ बच्चन के घर का नाम 'प्रतीक्षा', बिग बी ने किया खुलासा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन अपने क्विज शो कौन 'बनेगा करोड़पति14' से सुर्खियों में छाए हुए हैं। कंटेस्टेंट्स को बिग बी की विनम्रता तो पसंद आती है साथ ही वो हर एपिसोड में उनकी जिंदगी से जुड़े किस्से सुनने के लिए भी बेकरार रहते हैं। शुक्रवार को उन्होंने केबीसी 14 में खुलासा किया कि उनके बंगले का नाम प्रतीक्षा कैसे पड़ा। दरअसल, शुक्रवार को 21 साल के सीए ग्रेजुएट कंटेस्टेंट प्राक्यथ शेट्टी बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठे थे। प्राक्यथ शेट्टी ने साथ आई अपनी बहन से भी इंट्रोडक्शन कराया। कंटेस्टेंट की बहन का नाम प्रतीक्षा था। इस पर अमिताभ बच्चन ने भी बताया कि मुंबई स्थित उनके भी घर का नाम प्रतीक्षा ही है। उन्होंने कहा कि यह नाम बहुत प्यारा है और बाबूजी (हरिवंशराय बच्चन) को काफी पसंद था। अमिताभ बच्चन ने आगे कहते हैं, 'लोग मुझसे पूछते हैं कि आपने अपने घर का नाम प्रतीक्षा क्यों रखा, फिर मैं उन्हें बताता हूं कि मैंने इसे नहीं चुना था, मेरे पिता ने इसे चुना था। इसलिए मैंने अपने पिता से सवाल किया कि आपने प्रतीक्षा नाम क्यों रखा, उनकी एक कविता है जहां एक पंक्ति है जो कहती है कि, 'स्वागत सबके लिए यहां पर नहीं किसी के लिए प्रतीक्षा।' डॉ. हरिवंशराय बच्चन का जिक्र करने के साथ ही अमिताभ बच्चन थोड़े भावुक भी हुए। इस दौरान कंटेस्टेंट प्राक्यथ शेट्टी ने गेम में जीती हुई धनराशि का चेक अपनी मां को डेडिकेट किया। प्राक्यथ ने यह भी बताया कि उन्हें जो पहली सैलरी मिली थी उससे उन्होंने मां को एक घड़ी खरीदकर दी थी। उन्होंने आगे बताया कि वो अभी इंटरशिप कर रहे है, लेकिन जल्द ही कंपनी ज्वाइन करेंगे। उनके पास ज्वाइनिंग लेटर है, लेकिन गेम शो आने की वजह से उन्होंने इस डेट को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी से रिक्वेस्ट की थी।

# बॉलीवुड के इन सितारों के साथ पीएम मोदी की सेल्फी हो चुकी है वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। आज यानी 17 सितंबर, 2022 को मोदी अपना 72वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्हें देश और दुनिया से बधाई संदेश मिल रहे हैं। हर कोई उनकी लंबी आयु की कामना करते हुए उन्हें बधाई संदेश भेज रहा के विचारों का प्रसार करना था। इस दौरान सोनम कपूर ने उनके साथ सेल्फी क्लिक कराई थी, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। बता दें कि इसी कार्यक्रम में सोनम के साथ बॉलीवुड सुपरस्टार शाह रूख खान, आमिर खान, कंगना रनोट, जैकलीन फर्नांडिज, एकता कपूर सहित मनोरंजन जगत की कई बड़ी



है। आपको बता दें कि जहां पूरी दुनिया मोदी की स्टाइल और उनकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा करती है। वहीं फिल्मी सितारे भी उनकी स्टाइल पर फिदा हैं। जब भी किसी स्टार को मोदी से मिलने का मौका मिला उनसे उनके साथ सेल्फी और फोटो क्लिक कराने का सुनहरा अवसर हाथ से जानें नहीं दिया। आज हम आपको बॉलीवुड स्टार्स संग पीएम मोदी की तस्वीरें दिखाने जा रहे हैं। इस लिस्ट में कंगना से लेकर शाहरुख खान तक शामिल हैं। महात्मा गांधी कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से बॉलीवुड के कई सितारों ने मुलाकात थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से महात्मा गांधी हस्तियां भी मौजूद रहीं। कॉमेडियन शर्मा और वरुण शर्मा के साथ भी पीएम मोदी की सेल्फी काफी चर्चा में रही थी। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि पीए के साथ मिलकर दोनों कॉमेडियन काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर में कपिल मोदी के साथ हाथ मिलाते हुए पोज दे रहे हैं। एक्टर विवेक ओबेरॉय ने भी मोदी जी के साथ फोटो क्लिक कराई, जिसे उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट की थी। इस तस्वीर में वो पीएम के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के रिसेप्शन में शामिल हुए थे। इस दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं।

# श्रद्धा कपूर ने थाई हाई स्लिट गाउन में कराया बोल्ड फोटोशूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैत् उन्होंने कुल 3 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें काउच पर बैठकर कैमरे में बैठकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। पहली तस्वीर में



वह कैमरे की ओर देख रही है। दूसरी तस्वीर में वह कहीं और देख रही हैं। वहीं तीसरी तस्वीर में वह एक बार फिर कैमरे की ओर देख रही हैं। इसमें उन्होंने एक काला कलर का थाई हाई स्लिट गाउन भी पहन रखा है। वहीं उन्होंने मेकअप कर रखा है। उनसे बाल खुले हुए हैं श्रद्धा कपूर ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'करंट मूड' इसके अलावा उन्होंने दो ब्लैक एंड वाइट दो दिलों की इमोजी शेयर की है। श्रद्धा कपूर की तस्वीरों को 34 मिनट में 3 लाख से ज्यादा लाइक्स मिले हैं वहीं उनकी तस्वीरों पर 4200 से ज्यादा कमेंट किए गए हैं।

# 37 दिनों से वेंटिलेटर पर हैं राजू श्रिवास्तव, अब तक नहीं आया होश, क्या मुंबई होंगे शिफ्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के सबसे पॉपुलर कॉमेडियन राजू श्रिवास्तव 10 अगस्त से ही दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती हैं। जिम में एक्सरसाइज करते वक्त उन्हें दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद लगातार डॉक्टर्स राजू की जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। तब से, राजू का अनुरोध किया। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, 'मैं केवल इतना कह सकती हूं कि उनकी हालत स्थिर है और वह अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। मेडिकल टीम अपना बेस्ट कर रही है और हम सभी आपकी प्रार्थना चाहते हैं ताकि वह ठीक हो जाए और हमारे साथ वापस आ जाए।' हालांकि



वेंटिलेटर पर है और कॉमेडियन के फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। शुक्रवार को उनके छोटे भाई दीपू श्रीवास्तव ने एक बड़ा स्वास्थ्य अपडेट शेयर किया। द फ्री प्रेस जर्नल के अनुसार, उन्होंने कहा, 'रिकवरी धीमी है। वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। वह स्थिर है और वेंटिलेटर पर है। राजू अभी भी बेहोश है। 35 दिन से ज्यादा हो गए हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या राजू को किसी किसी दूसरे हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा रहा है। दीपू ने कहा, 'उनका इलाज एम्स में किया जाएगा और हम उनके ठीक होने के बाद उन्हें घर ले जाएंगे। हमें डॉक्टरों पर भरोसा है।' इससे पहले, कॉमेडियन की पतनी शिखा ने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स को बताया था कि कॉमेडियन अभी भी वेंटिलेटर पर हैं और उन्होंने सभी से प्रार्थना करने दो हफ्ते पहले ही राजू की फेक हेल्थ अपडेट को लेकर उनकी बेटी अंतरा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की थी। जिसमें लिखा था, 'प्रिय सभी शुभचिंतकों, मेरे पिताजी श्री राजू श्रीवास्तव जी की हालत स्थिर है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह इस समय वेंटिलेटर पर है। केवल एम्स दिल्ली और राजू जी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स के बयान पर भरोसा करें। फैंस कर रहे दुआ अंतरा ने आगे लिखा- 'किसी और की कोई अन्य खबर या बयान अविश्वसनीय है। एम्स दिल्ली में डॉक्टर और उनकी पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है। हम उनके और उनके सभी शुभचिंतकों के आभारी हैं। आप सभी से उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए अपना प्यार और प्रार्थना जारी रखने का अनुरोध करते हैं।'

# जब पीएम मोदी ने अक्षय कुमार को दिया था गुस्सा काबू करने का मंत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर 2022 को अपना 72वां जन्मदिन मना रहे हैं। पूरे देशभर से पीएम मोदी को उनके जन्मदिन की बधाई मिल रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्हें पूरा देश प्यार करता है और वह अपने भाषण के जरिए लोगों पीएम मोदी ने अपनी जिंदगी से जुड़ी कई दिलचस्प बातें खिलाड़ी कुमार के साथ शेयर की थीं। इस दौरान पीएम मोदी से अक्षय ने पूछा था कि मैं ये जानना चाहता हूं कि क्या हमारे प्रधानमंत्री जी को गुस्सा आता है, क्योंकि ये सबको आता है जनरल हैं, तो आप इसे कैसे व्यक्त करते हैं। अक्षय कुमार की इस बात का जवाब





को हर एक क्षेत्र में सफल होने के लिए प्रेरित करते हुए नजर आते हैं। बॉलीवुड के कई सितारे ऐसे हैं जो पीएम मोदी से मिल चुके हैं और उनसे उन्हें काफी कुछ सीखने को भी मिला। साल 2019 में अक्षय कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी के पॉलिटिकल करियर से परे उनकी जिंदगी को लेकर एक इंटरव्यू भी किया था। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री ने अक्षय कुमार को गुस्से पर काबू करने का ऐसा मंत्र बताया था जो आपके काम भी आ सकता है। 2019 में अक्षय कुमार द्वारा किए गए इस इंटरव्यू के दौरान देते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अगर मैं ये कहता हूं कि मुझे गुस्सा नहीं आता तो बहुत लोगों को सरप्राइज होता है। इसलिए नाराजी, राजी होना ये मनुष्य के स्वभाव के हिस्से हैं। लेकिन जो मेरा 18 से 22 साल की जिंदगी का एक बड़ा सफर रहा है, उसमें मेरी जो ट्रेनिंग हुई उसमें ये सब सिखाया था कि जिंदगी में ईश्वर ने आपको सब दिया है, इसलिए जो अच्छी चीजें हैं उसे बल देते हुए नकारात्मक चीजों को पीछे छोड़कर कैसे आगे बढ़ना है ये भी मैंने सीखा है। मैं इतने समय तक सीएम रहा हूं, प्रधानमंत्री रहा हूं, लेकिन मुझे किसी पर भी गुस्सा व्यक्त करने का अवसर कभी नहीं आया'। पीएम नरेंद्र मोदी ने बातचीत में उन्हें सीख देते हुए बताया कि वह अपने गुस्से को कैसे काबू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मन की स्थिति के लिए एक अलग प्रक्रिया है। मैंने अपने अन्दर एक चीज विकसित की है। ऐसी अगर कोई घटना है जो मुझे पसंद नहीं आई है और मैं सोचता हूं कि ऐसा क्यों हुआ। कभी ऐसा ख्याल आता था कि मेरे साथ ऐसा क्यों हुआ। कभी ऐसा था कि मैंने ऐसा क्यों किया, क्योंकि हम सब मनुष्य हैं तो गलती को स्वीकारने में ईगो भी बीच में आता है। इसलिए मैं ये करता था कि अकेला एक कागज लेकर के बैठता था और उस पूरी घटना का वर्णन लिखता था। ये क्या हुआ और क्यों हुआ, लेकिन कभी उसको जस्टिफाई करने की कोशिश नहीं करता था। पीएम मोदी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'लिखने के बाद फिर मैं उस पेपर को फाड़ करके फेंक देता था उसे दोबारा नहीं पढ़ता था, लेकिन अगर फिर भी मन शांत नहीं होता था तो मैं पूरी कथा दोबारा लिखता था और पूरी घटना को जीवंत करता था। उससे ये फायदा होता था कि मेरे अन्दर के जो भी इमोशंस होते थे उस कागज पर आकर जल जाते थे। तो उस पूरी प्रक्रिया के दौरान मैं कहां सही और गलत होता था इस चीज का मुझे आभास होता था। मुझे इससे चीजें पता लगती थीं। अब ये नहीं हो पाता लेकिन मैंने खुद को ट्रेंड उस प्रकार से किया था। अक्षय कुमार भी पीएम नरेंद्र मोदी की इस बात को सुनकर काफी इम्प्रेस हो गए थे।

# 'ब्रह्मास्त्र' ने 8वें दिन भी की ताबड़तोड़ कमाई,200 करोड़ से बस इतने कदम दूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की 'ब्रह्मास्त्र' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। अयान मुखर्जी ने फिल्म में अस्त्रों की ऐसी दुनिया रची है कि लोग इसे देखने के लिए दीवाने हो रहे हैं। पहले वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने वाली इस फिल्म की नजर अब दूसरे वीकेंड पर है। करण जौहर के लिए राहत की खबर ये है कि सोमवार से लगातार घट रहे कलेक्शन में शुक्रवार को बढ़ोतरी देखी गई। 'ब्रह्मास्त्र' को रिलीज को 8 दिन हो चुके हैं। इसने पहले दिन ही साबित कर दिया था कि यह इस साल रिलीज हुई सभी बॉलीवुड फिल्मों को पीछे छोड़ने वाली है। फिल्म की कमाई पर बायकॉट का भी कोई असर देखने को नहीं मिला। 36.42 करोड़ की शानदार ओपनिंग लेने वाली फिल्म अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ के पास पहुंचने वाली हैं। अब सबकी निगाहें दूसरे वीकेंड कलेक्शन पर टिकी हुई हैं। ब्रह्मास्त्र ने दूसरी शुक्रवार को यानी 8वें दिन 10 करोड़ की कमाई की। गुरुवार को यह आंकड़ा 9.2 करोड़ था। इस ट्रेंड से यह साफ हो जाता है कि आने वाले दिनों में ब्रह्मास्त्र के लिए लोगों के क्रेज में कोई कमी नजर नहीं आने वाली है। क्योंकि इस वीकेंड के लिए भी एडवांस बुकिंग काफी जबरदस्त रही हैं। शुक्रवार की कमाई को भी मिला दिया जाए तो फिल्म ने अब तक कुल 183.22 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इस शुक्रवार सिनेमाघरों में कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हुई जिसका सीधा फायदा ब्रह्मास्त्र को होने वाला है। 'सरोज का रिश्ता' और 'जहां चार यार' से रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म को कोई खतरा नहीं है। बता दें कि अभी 'ब्रह्मास्त्र' का पहला पार्ट रिलीज हुआ है। अयान मुखर्जी अभी इसके दो भाग और बनाएंगे। दूसरे पार्ट के लिए तो उन्होंने काम भी शुरू कर दिया है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।